जीवन | by Sanjeev Sharma

बाबा ऐसी कृपा हो मेरा जीवन सफल हो
तेरे चरणों में बीते दिन ये रात
बनकर सेवक मैं तेरा करूँ निसदिन में सेवा
मेरी सिर पर सदा हो तेरा हाथ
ओ श्याम.....मेरे श्याम .....

धूल तेरे चौखट की लेकर माथे तिलक लगाऊं
अंसुवन की धरा से बाबा तेरे चरण पखारूँ
रहूं मैं तेरा होके सारा सुध बुध मैं खोके
नाम तेरा पुकारूँ मेरे श्याम
बनकर सेवक मैं तेरा करूँ निसदिन में सेवा
मेरी सिर पर सदा हो तेरा हाथ
ओ श्याम.....मेरे श्याम .....

मनमोहन मेरा श्याम सलोना निसदिन तुझको निहारूं
तेरी दया से ओ सांवरिया ऐसी कृपा मैं पाऊं
रहे जब तक ये प्राण करूँ तेरा ही ध्यान
तेरी सेवा में बीते दिन ये रात
बनकर सेवक मैं तेरा करूँ निसदिन में सेवा
मेरी सिर पर सदा हो तेरा हाथ
ओ श्याम.....मेरे श्याम .....

भाव भजन ही पास है मेरे साथ जो मैं हूँ लाया
संजीव पुष्पों की वर्षा कर तुमको रिझाने आया
नाचूं तेरे भवन होके तुझमे मगन
सारा जीवन बिता दूँ तेरे नाम
बनकर सेवक मैं तेरा करूँ निसदिन में सेवा
मेरी सिर पर सदा हो तेरा हाथ
ओ श्याम.....मेरे श्याम .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%a8-by-sanjeev-sharma/